प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक 04.03.2025 समय: 2.10 PM

प्रधानमंत्री-वेबिनार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि सरकार एक आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के साथ कार्य कर रही है। सरकार सुधार की गति में तेजी लाई है। उन्होंने कहा कि देश ने पिछले दस वर्षों में सुधार, वित्तीय अनुशासन, पारदर्शिता तथा समेकित विकास के प्रति अपनी सतत वचनबद्धता का प्रदर्शन किया है। विकास, विनिर्माण, निर्यात और परमाणु ऊर्जा के इंजन के रूप में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम-एमएसएमई पर एक वेबिनार को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि निरंतरता और सुधारों के आश्वासन ने उद्योग में एक नए विश्वास को जगाया है।

नर्मदा प्रतिबंध

जबलपुर हाई कोर्ट के प्रशासनिक न्यायाधीश संजीव सचदेवा और न्यायमूर्ति विनय सराफ की युगलपीठ ने विगत छह वर्ष से विचाराधीन नर्मदा मिशन और समर्थ गऊ चिकित्सा केंद्र की जनहित याचिका पर अंतिम आदेश सुना दिया है। आदेश में कहा गया है कि नर्मदा तट के दोनों ओर 300 मीटर के क्षेत्र में निर्माण पर प्रतिबंध रहेगा। यह 300 मीटर का क्षेत्र खुला रखा जाएगा। हाई कोर्ट ने संशोधित विकास योजना 2021 का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

यूनियन कार्बाइड कचरा

यूनियन कार्बाइड फैक्टरी के जहरीले कचरे को जलाने के पहले दौर में पीथमपुर के संयंत्र से गैसों का उत्सर्जन मानक सीमा के भीतर रहा। राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का कहना है कि वैज्ञानिक प्रमाणों के मुताबिक इस कचरे में सेविन और नेफ्थाल रसायनों का प्रभाव अब लगभग नगण्य हो चुका है। फिलहाल इस कचरे में मिथाइल आइसोसाइनेट गैस का कोई अस्तित्व नहीं है और इसमें किसी तरह के रेडियोधर्मी कण भी नहीं हैं।

इंदौर संभागायुक्त दीपक सिंह ने बताया कि पीथमपुर और इससे करीब 30 किलोमीटर दूर इंदौर की वायु गुणवत्ता सामान्य रही।

एशियाई योगासन चैंपियनशिप

युवा और खेल मंत्रालय ने भारतीय खेल प्राधिकरण और योगासन भारत के सहयोग से दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप के आयोजन की घोषणा की है। यह आयोजन 29 से 31 मार्च तक नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में होगा। इसमें 16 से अधिक देश भाग लेंगे। केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य योगासन को एक खेल के रूप में अंतरराष्ट्रीय मंच पर बढ़ावा देना और इसकी समृद्ध विरासत तथा सांस्कृतिक महत्व को अपनाना है।

बाइट: केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया

क्रिकेट-आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट के पहले सेमीफाइनल में आज भारत और ऑस्ट्रेलिया आमने सामने होंगे। यह मैच भारतीय समय के अनुसार अब से कुछ देर बाद दोपहर ढाई बजे शुरू होगा। भारतीय टीम स्पिनर गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के साथ टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन कर रही है। भारत सभी तीन मैच जीतकर ग्रुप ए में शीर्ष पर है । टूर्नामेंट का दूसरा सेमीफाइनल कल न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच लाहौर में होगा। फाइनल रविवार को खेला जाएगा।

समाचार संक्षेप में...

- नर्मदापुरम रेड क्रॉस सोसायटी को भोपाल में उत्तम सामुदायिक सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी मध्य प्रदेश के अध्यक्ष और राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने प्रदान किया।
- विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने सड़क सुरक्षा और दुर्घटनाओं में कमी लाए जाने के लिए हेलमेट लगाओ अभियान अंतर्गत जन जागरूकता के संदेशों का प्रसारण किया है।
- बड़वानी में भी 1 मार्च से समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की शुरुआत हो गई है। जिले में 1 लाख 14 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में गेहूं की फसल लगीं है जो गत वर्ष से 3 हजार 550 हेक्टेयर ज्यादा है।
- बैतूल में एचडीएफसी बैंक की गंज शाखा में 6 खाताधारकों ने मिलकर अपने साथ अलग-अलग माध्यमों से हुए करीब 25 लाख के गबन की शिकायत बैंक मैनेजर से की है।
- जबलपुर में एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई और एक गम्भीर रूप से घायल हो गया। हादसे में गभीर रूप से घायल बाइक सवारों को इलाज के लिए शहपुरा अस्पताल ले जाया गया।

- और
- रीवा जिले में यात्रियों से भरी बस पर सोमवार देर शाम बाइक सवार तीन बदमाशों ने पथराव कर दिया। इस घटना में एक यात्री की मौके पर ही मौत हो गई है, जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है।